बजरंगबली हम आ गए हैं आपके दरबार में

बजरंगबली हम आ गए हैं आपके दरबार में

धुन- साँवली सूरत पे मोहन हम दीवाने हो गए
बजरंगबली, हम आ गए हैं, आपके दरबार में ॥
आपके, दरबार में हाँ, आपके दरबार में ॥
मिल गई, मंज़िल हमें तो, आपके दरबार में ।
बजरंगबली, हम आ गए हैं, आपके...

भटके थे हम, अंधेरों में, हमें सहारा, ना मिला ।
यह ज़माना, मिल गया पर, दिल को चुराना, ना मिला ॥
अब तो यह, जीवन हमारा, आपके दरबार में ।
बजरंगबली, हम आ गए हैं, आपके...

श्री राम के, भक्त हो तुम, भक्तों के, भगवान हो ।
संकटों को, टालने में, तुम बड़े, बलवान हो ॥
हर, ख़ुशी को, पा लिया है, आपके दरबार में ।
बजरंगबली, हम आ गए हैं, आपके...

आसरा, तुम ही हो मेरा, अब तो मैं, जाऊँ कहाँ ।
आपके, ही नाम से है, रोशन यह, सारा जहाँ ॥
भक्ति का, फ़ल मिल, गया है, आपके दरबार में ।
बजरंगबली, हम आ गए हैं, आपके...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36348/title/bajrang-bali-hum-aa-gaye-hain-aapke-darbar-mein

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |